(b) if so, Government's reaction thereon ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI JAGANNATH PAHADIA) : (a) Out of a total original stock of 55,000 of these transistor sets, the Super Bazar is now left with only 2,222 of these sets. A proposal has been sent by the Super Bazar to the Ministry of Defence for the sale of these remaining sets to their Canteen Stores Department, at the rate of Rs 70/- per set (exclusive of taxes and cost of the leather cover).

(b) The Super Bazar's offer is under consideration of the Ministry of Defence.

Scheme for National Scholarships for Studies Abroad

4579. SHRIMATI JYOTSNA CHANDA : Will the Minister of EDUCATION AND SOCIAL WELFARE be pleased to state :

(a) whether Government propose to award 50 scholarships during 1972-73 under the Scheme of National Scholarships for Studies Abroad ; and

(b) if so, what will be the criteria for selection of students ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EDUCATION AND SOCIAL WELFARE AND IN THE DEPARTMENT OF CULTURE (SHRI D P. YADAV) : (a) Yes, Sir.

(b) The selection of candidates will be made purely on the basis of merit by a duly constituted Selection Committee consisting of experts in the various subjects. The candidates will be interviewed by the Committee and selection made after taking into consideration the academic qualifications, research/practical experience, mental acumen and intellectual veracity of the candidates.

देवरिया, उत्तर प्रदेश में एक कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना

4580. **श्री तारकेश्वर पांडे :**

श्री सुधाकर पांडे :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देवरिया (उत्तर प्रदेश) में एक कृषि विश्वविद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) प्रतापपुर शूगर मिल, देवरिया द्वारा भूमि दानस्वरूप दिये जाने के आधार पर ही वहां कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (अण्णासाहिब पी० शिन्दे) : (क) जी नहीं।

(ख) कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रतापपुर शूगर मिल्स द्वारा भूमि दान के विषय में उत्तर प्रदेश सरकार से कोई सूचना नहीं मिली है। जो भी हो, ऐसे विश्वविद्यालयों की स्थापना के प्रस्ताव पर राष्ट्रीय नीति और प्रतिरूप तथा चतुर्थ योजना में उपबन्ध की उपलब्धि के सन्दर्भ में विचार किये जाते हैं न कि भूमि दान के सन्दर्भ में।

दिल्ली परिवहन निगम द्वारा "मन चाही यात्रा करें" अवकाश टिकटों के किराये में वृद्धि

4581. **श्री ईश्वर चौधरी :** क्या नौवहन और परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने दिल्ली परिवहन निगम की बसों में "मन चाही यात्रा करें" अवकाश टिकटों में 8 अप्रैल, 1972 से वृद्धि कर दी है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

संसदीय कार्य तथा नौवहन और परिवहन मंत्री (श्री राज बहादुर) : (क) 8 अप्रैल, 1972 से दिल्ली परिवहन निगम ने विनोद यात्रा टिकट का मूल्य निम्न प्रकार से बढ़ा दिया है :—

वयस्कों के लिए	1·00 रुपये से 1·25 रु० प्रति टिकट
बच्चों के लिए	75 पैसे से 1·00 रुपया प्रति टिकट